2020

HINDI — GENERAL

Paper : DSE-A-2

(Chhayavad)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

Day - 2

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है? उनके किसी एक काव्यग्रंथ का नाम लिखिए।

(ख) 'मुक्त छंद' का प्रणेता किसे माना जाता है? उनकी किसी एक काव्यकृति का नाम लिखिए।

(ग) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :
सुंदर हैं ....सुमन सुंदर।
.... तुम सबसे सुंदरतम।

(घ) किसी का हमने छीना नहीं,
प्रकृति का रहा पालना यहीं
– इन पंक्तियों के कवि और कविता का नाम बताइए।

(ङ) महादेवी वर्मा की किन्हीं दो कविताओं के नाम लिखिए।

(च) 'भारत महिमा' में आए इन शब्दों के अर्थ लिखिए– 'ऊषा' एवं 'हीरक-हार'।

(छ) 'वह इष्टदेव के मंदिर की पूजा-सी' – किस कविता की पंक्ति है? कवि का नाम लिखिए।

(ज) .... में अपनी आज
मिला लो यह .... झंकार!
– रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(झ) 'नीहार' और 'लोकायतन' – इन काव्य-संग्रहों के कवि कौन हैं?

(ञ) छायावाद का प्रवर्त्तक कवि किसे माना जाता है? उनके किसी एक काव्य-संग्रह का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3

(क) नाश भी हूँ मैं अनंत विकास का क्रम भी
त्याग का दिन भी चरम आसक्ति का तम भी

(ख) नीरव प्रशांत का मौन बना
चुपके किसलय से बिछल छना
थकता हो पंथी मलय-वात।

(ग) जनता पर जादू चला राजे के समाज का।
लोक-नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुईं।
धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ।
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर।

(घ) छोड़ द्रुमों की मृदु-छाया
तोड़ प्रकृति से भी माया
बाले तेरे बाल-जाल में कैसे उलझा दूँ लोचन?

(ङ) चाँदनी का प्रथम प्रहर,
हम चले नाव लेकर सत्वर।
सिकता की सस्मित-सीपी पर, मोती की ज्योत्स्ना रही विचर
लो, पालें चढ़ी उठा लंगर।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'झरना' — कविता के भाव सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) महादेवी वर्मा को 'आधुनिक मीरा' क्यों कहा जाता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) पंत की कविताओं की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) निराला की काव्य-चेतना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ङ) 'प्रसाद प्रेम और सौंदर्य के कवि हैं' — उक्त मत की सोदाहरण समीक्षा कीजिए।